महिला एवं बाल विकास मंत्री ने किया राष्ट्रीय अमृता हाट का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

23 दिसंबर, 2022 को राजस्थान की महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने जयपुर के जवाहर कला केंद्र परिसर स्थित शिल्पग्राम में राष्ट्रीय अमृता हाट का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के हस्तनिर्मित आकर्षक उत्पादों की बिक्री और प्रदर्शन का यह मेला 23 दिसंबर से 1 जनवरी, 2023 तक चलेगा, जिसमें जयपुर राईट अपने मनपसंद उत्पादों की खरीद कर सकेंगे।
- इस अवसर पर उन्होंने बताया कि ग्रामीण परिवेश की महिलाओं के द्वारा तैयार उत्पाद बेहतरीन कारीगरी और हुनर का उदाहरण हैं तथा राज्य सरकार की महिला सशक्तीकरण की मुहिम में जयपुर राईट्स भी इनके उत्पादों को खरीद कर योगदान दे सकते हैं।
- राज्य सरकार आईएम शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजनाओं जैसी योजनाओं से महिलाओं को बैंकों द्वारा अनुदानित ऋण प्रदान कर उन्हें उद्यमी के रूप में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान कर रही है।
- ममता भूपेश ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला अधिकारिता निदेशालय द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को राष्ट्रीय अमृता हाट के माध्यम से जहाँ उनके उत्पादों की बिक्री के लिये बाज़ार उपलब्ध करवाया जाता है, वहीं जयपुरवासियों को एक ही जगह प्रदेशभर के हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं खरीदारी का अवसर मिलता है।
- विदित है कि राष्ट्रीय अमृता हाट का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।
- राष्ट्रीय अमृता हाट में राजस्थान राज्य के सभी ज़िलों के महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है। इसमें 140 से ज़्यादा स्टॉल्स पर महिलाओं को बेहतरीन कारीगरी के उत्पादों को बेचने का अवसर मिला है, जिसमें हैंडीक्राफ्ट, कशीदाकारी, लाख की चूड़ियाँ, पेपरमेशी आईटम, सलवार-सूट, टेराकोटा, आर्टफिशियल ज्वैलरी, चिकन एवं जरी वर्क, काँच एवं पेच वर्क, सभी के पसंदीदा अचार, मुरब्बा, मसाले एवं अन्य हस्तनिर्मित आकर्षक उत्पाद उपलब्ध हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/women-and-child-development-minister-inaugurates-rashtriya-amrita-haat